Seat No. : ______________

# AA-110 (H)

**April-2023**

**B.Com., Sem.-VI**

**CC-306 : Economics**

**(Indian Economic Problems-II)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. विदेश व्यापार से क्या आशय है ? भारत की निर्यात प्रोत्साहन नीति समझाइए । **14**

**अथवा**

भारत की 2015 से 2020 तक की विदेश व्यापार नीति समझाइए । **14**

2. व्यावसायिक बैंक से क्या आशय है ? भारत में व्यावसायिक बैंकों के महत्त्व को समझाइए । **14**

**अथवा**

(A) भारत में निजी बैंक **7**

(B) भारत की बैंकिंग संरचना (व्यवस्था) में सुधार **7**

3. भारतीय रिज़र्व बैंक की व्याख्या करते हुए इसके कार्यों को समझाइए । **14**

**अथवा**

रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति के परिमाणात्मक साधनों की चर्चा कीजिए । **14**

4. भारत की कर संरचना की लाक्षणिकताएँ समझाइए । भारत की कर संरचना की सीमाओं का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

(A) अर्थव्यवस्था पर काले धन के प्रभावों की चर्चा कीजिए । **7**

(B) भारत में मुद्रा के विमुद्रीकरण पर एक टिप्पणी लिखिए । **7**

5. नीचे दिए विकल्पों से सही विकल्प चुनें : (कोई **सात**) **14**

(1) किसी देश के विदेश व्यापार के विकास को जानने के लिए, क्या जानना आवश्यक होगा ?

(A) निर्यात और आयात की मात्रा में परिवर्तन

(B) कुल वैश्विक व्यापार का परिमाण

(C) राष्ट्रीय आय में विदेश व्यापार का अंश

(D) दिए गए सभी

(2) भारत के वर्तमान विदेश व्यापार में किस क्षेत्र का प्रदर्शन सरप्लस में है ?

(A) कृषि क्षेत्र (B) औद्योगिक क्षेत्र

(C) सेवा क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

(3) भारत की विदेश व्यापार नीति में प्रभावी उदारीकरण लाने के लिए प्रथम प्रयास किस सरकार द्वारा किया गया था ?

(A) नेहरू सरकार (B) इन्दिरा सरकार

(C) राजीव गांधी सरकार (D) मोदी सरकार

(4) 2013 में, कितनी औसत जनसंख्या पर एक बैंक ब्रांच थी ?

(A) 63800 (B) 50000

(C) 25000 (D) 12670

(5) निजी बैंकों की स्थापना को किस वर्ष के बाद नए निजी बैंक के रूप में माना जाता है ?

(A) 1980 (B) 1990

(C) 2000 (D) 2010

(6) पुराने सिक्योरिटी कांड से मुख्यतः किसका नाम जुड़ा हुआ है ?

(A) हर्षद मेहता (B) विजय माल्या

(C) निरव मोदी (D) रमेश मेहता

(7) निम्न में से कौन सा साधन परिमाणात्मक साख नियंत्रक साधन नहीं है ?

(A) बैंक दर

(B) नकद कोषानुपात

(C) साख राशनिंग

(D) खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय एवं विक्रय

(8) भारत में मुद्रा जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक किस पद्धति को अपनाता है ?

(A) सौ प्रतिशत आरक्षित पद्धति (B) समान आरक्षित पद्धति

(C) स्थिर अनुपात पद्धति (D) न्यूनतम आरक्षित पद्धति

(9) 7 अगस्त, 2019 की घोषणा के अनुसार आर.बी.आई. की मौद्रिक नीति में जी.डी.पी. वृद्धि का अनुमान क्या था ?

(A) 8% (B) 7%

(C) 6.9% (D) 6.5%

(10) 2019-20 के बजट के अनुसार, राजस्व के संदर्भ में कौन सा कर प्रथम स्थान पर है ?

(A) कॉर्पोरेशन कर (B) जी.एस.टी.

(C) आयकर (D) आबकारी शुल्क

(11) 2019-20 के बजट में कितनी राशि करमुक्त है ?

(A) 1.50 लाख (B) 2 लाख

(C) 2.50 लाख (D) 3 लाख

(12) ₹ 500 और ₹ 1,000 के नोटों के विमुद्रीकरण का उद्देश्य क्या है ?

(A) अर्थव्यवस्था में काले धन की समस्या से निजात पाना ।

(B) अर्थव्यवस्था में कैशलेस व्यवहार को बढ़ावा देना ।

(C) आतंकवाद को नियंत्रण करना ।

(D) यह सभी